नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर

क्रमांक ..../नि.स/कु.स./2020 दिनाँक / /2020

कार्यवाही विवरण

विश्वविद्यालय अतंर्गत दिनांक 20/03/2020 को 12:30 बजे कुलपति सभागार में माननीय कुलपतिजी के निर्देशानुसार डॉ. आर.पी.एस. बघेल, अधिष्ठाता संकाय, की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के संचालक एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कोरोना वायरस (COVID-19) के संक्रमण से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियों के लिए आवश्यक बैठक संपन्न हुई। तथा इसके पूर्व अधिष्ठाता संकाय द्वारा पशुचिकित्सा एवं पशुपालन विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर में बैठक करके निष्कर्षों को भी इस बैठक में सम्मिलित किया गया है। निम्नानुसार महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये –

1. विश्वविद्यालय के अंतर्गत सभी महाविद्यालयों में 31.03.2020 तक सभी इंटर्नशिप गतिविधियां भी स्थिगित किये जाये के आदेश प्रसारित किये जायें।
2. सभी महाविद्यालयों में रिसर्च आदि के छात्रों को छोड़कर शेष से छात्रावास खाली कराये जावें।
3. सभी महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों भवन में बाहरी आने–जाने वाले लोगों की चैकिंग तथा समझाइश देकर उनके आवागमन को प्रतिबंधित किया जावे। तथा प्रवेश द्वार में रजिस्टर पर प्रविष्टी (एंट्री) करके ही समुचित प्रवेश दिया जावें।
4. सभी महाविद्यालयों में बचाव एवं सुरक्षा संबंधी निर्देश प्रदर्शित किये जावें। तथा हाथ धोने हेतु साबुन अथवा सैनिटाइजर की समुचित व्यवस्थित किया जावें।
5. सभी कर्मचारियों को मास्क लगाने तथा हाथ धोने एवं सैनिटाइजर आदि सावधानियों का पालन सुनिश्चित किया जावें।
6. दूध का वितरण विश्वविद्यालय कैंपस के बाहर किया जाये तथा वहां पर भी एक से अधिक भीड़ एकत्रित न हो ऐसी सूचना प्रदर्शित की जावें ।
7. म.प्र.सामान्य प्रशासन के पत्र क्रमां 38/ACS/GAD/2020 भोपाल दिनांक 19.03.2020 के निर्देशानुसार तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों हेतु 50 प्रतिशत की उपस्थिति हेतु रोस्टर तैयार करके बुलाये जाये।
8. विश्वविद्यालय भवन की नियमित तरीक से साफ–सफाई एवं स्वच्छता उपकरणों का व्यवस्थित रूप से रख–रखाव सुनिश्चित किया जावें।
9. कार्यालय के कर्मचारियों मास्क लगाने तथा हाथ धोने एवं सेनेटाइजर का उपयोग समय–समय पर करने के निर्देश दिये गये है।

निरंतर.....................2

10. सुरक्षा संबंधित सुपरवाईजर को निर्देशित किया जाता है कि उनके अधीनस्थ समस्त सुरक्षा कर्मी अपने निर्धारित स्थान एवं समय पर उपस्थित है या नहीं इसका निरीक्षण करें।
11. पशुचिकित्सालयों की आवश्यक सेवायें आगामी आदेश तक सुचारू रूप से पूर्ववत संचालित रहेगी।

(हस्ताक्षर)
कुलसचिव

पृ.क्रमांक 661 /नि.स/कु.स./2020 दिनाँक 20/03/2020

प्रतिलिपिः— सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः

1. अधिष्ठाता संकाय, ना.दे.प.वि.वि., जबलपुर।
2. संचालक, अनुसंधान सेवाएं/शिक्षण/विस्तार सेवाएं,/वेटरनरी पॉलीटेक्निक/अधिष्ठाता छात्र कल्याण/पशुधन प्रक्षेत्र, ना.दे.प.वि.वि., जबलपुर।
3. संचालक, एनीमल बायोटेक्नोलॉजी सेंटर/वाइल्ड लाइफ एण्ड फोरेंसिक हेल्थ, ना.दे.प.वि.वि., जबलपुर।
4. अधिष्ठाता, पशुचिकित्सा एवं पशुपालन विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर/रीवा/महू।
5. लेखानियंत्रक, ना.दे.प.वि.वि., जबलपुर।
6. परीक्षा नियंत्रक, ना.दे.प.वि.वि., जबलपुर।
7. सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी, ना.दे.प.वि.वि., जबलपुर, समाचार पत्रों में प्रकाशित करने की कार्यवाही करें।
8. कार्यपालन यंत्री, ना.दे.प.वि.वि., जबलपुर।
9. प्रभारी अधिकारी, वेबसाइट, ना.दे.प.वि.वि., जबलपुर।
10. निजसचिव, माननीय कुलपति जी, ना.दे.प.वि.वि., जबलपुर।

कुलसचिव